## खबर संक्षेप

### श्रवण बाधित दिव्यांग सुरेन्द्र को दी सुनने की मशीन



**कटनी।** विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम सिहुड़ी में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में आयोजित हुई लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम अस्थिबाधित दिव्यांग सुरेन्द्र पिता द्वारका के लिए वरदान साबित हुआ। सुरेन्द्र ने लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर को अपनी कम सुनाई देने की समस्या से अवगत कराया और कहा कि उसको सुनने के लिए मशीन चाहिए। जिस पर कलेक्टर ने उपसंचालक सामाजिक न्याय नयन सिंह को श्रवण यंत्र प्रदान करवाने के निर्देश दिए। जिस पर मंगलवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से श्रवण बाधित दिव्यांग सुरेन्द्र पिता द्वारका को कलेक्ट्रेट में 2 नग सुनने वाली कान की मशीन प्रदान किया गया।

### विवाह योजना के आवेदन अब होगी ऑनलाइन

**कटनी।** मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के तहत अब हितग्राहियों को आवेदन करने के लिए कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने योजना की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाते हुए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा शुरू कर दी है। उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नयन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अब पब्लिक डोमेन से सीधे ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। योजना के तहत पात्र "कल्याणी बहनों" को विवाह के उपरांत दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्राप्त आवेदनों का पात्रतानुसार परीक्षण कर निराकरण 30 दिवस की समयसीमा में करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। श्री सिंह ने यह भी कहा कि आवेदन के लिए हितग्राही की जानकारी समग्र पोर्टल पर अपडेटेड होना आवश्यक है।

### बेटी की मौत पर परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**कटनी।** शहर के जैन परिवार की एक लड़की की फरवरी 2024 में शादी के बाद दिल्ली में संदिग्ध अवस्था में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि लड़की का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया है। लड़की के पति ने कटनी में उसके परिजनों को आत्महत्या किए जाने की सूचना दी जबकि परिजनों को इस पर भरोसा नहीं हो रहा है। संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि लड़की के साथ मारपीट के बाद उसकी हत्या की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग कटनी से दिल्ली रवाना हो गए हैं। यह घटना दिल्ली के बसंतकुंज थाना क्षेत्र के नोएडा में सोमवार की सुबह से दोपहर के बीच घटित हुई है। शाम 4 बजे पति डॉ. आयुष भदौरा पुलिस को लेकर घर पहुंचे, कमरे का दरवाजा तोड़ा तो उसकी पत्नी परणिका जैन का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। इसके बाद शाम 7 बजे कटनी में उसके पिता को खबर दी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

### अपहत बालिकाओं को पुलिस ने किया दस्तयाब

**उमरियापान।** पुलिस को विशेष अभियान के तहत दोहरी सफलता मिलने में कामयाबी मिली है। क्षेत्र की दो अपहत बालिकाओ को पुलिस ने दस्तयाब करते हुए परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपहत बालक व बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। उमरियापान पुलिस ने अपराध क्रमांक 04/2025 धारा 137 (2) बीएनएस एवं अपराध क्रमांक 150/2025 धारा 137 (2) बीएनएस की अपहत बालिकाओं को दस्तायाब किया। दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा बालिकाओं को उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया । बालिकाओं के मिलने पर परिजनों ने थाना उमरियापान पुलिस के कार्य की सराहना की है ।

### अपात्रों द्वारा भी निजी वाहनों में बेखौफ किया जा रहा हूटर का उपयोग

# खत्म नहीं हो रहा व्हीआईपी कल्चर: अपना भोकाल दिखाने कर रहे मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शरह में अनेक ऐसे वाहनों को आसानी से देखा जा सकता है जो अपना भौकाल बनाने निजी वाहनों पर फ्लैश लाइट, हूटर और व्हीआईपी स्टीकर लगाकर रौब झाड़ रहे है। जिले में रंगीन लाइट और हूटर के दुरुपयोग के मामलों में कोई कमी नहीं आ रही है। खासतौर पर हूटर व लैश लाइट उपयोग करने के लिए अधिकृत अफसर भी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

निमयमानुसार पात्र अफसरों को इसके लिए आरटीओ से लिखित में आवेदन कर परमिशन लेने का प्रावधान मोटर व्हीकल एक्ट में है। परमीशन की कॉपी विंड स्क्रीन पर चस्पा होना भी अनिवार्य है, लेकिन जिले में किसी वाहन पर परमिशन की कॉपी चस्पा नहीं की जा रही है।

राज्य और केंद्र सरकार द्वारा वीआईपी कल्चर को खत्म करने के लिए उठाए गए कदमों के बावजूद कई अपात्र अधिकारी और जनप्रतिनिधि इन उपकरणों का खुलेआम दुरुपयोग कर रहे हैं। यह स्थिति इस बात को दर्शाती है कि अधिकारियों का वीआईपी कल्चर से मोहभंग नहीं हो रहा है, हालांकि पीएम मोदी ने लाल, पीली और नीली बत्तियों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। जिले में लैशर लाइट (बहुरंगी बत्तियां) और हूटर लगाने के लिए अब तक किसी भी अधिकारी ने अनुमति नहीं ली है। परिवहन विभाग की अनुमति के बिना वाहन की विंड स्क्रीन पर इन उपकरणों को लगाना पूरी तरह से अवैध है। यह स्थिति इसलिए और गंभीर हो जाती है क्योंकि प्रदेश में लैशर और हूटर के दुरुपयोग पर कार्रवाई करने के लिए आदेशों के बावजूद परिवहन विभाग और पुलिस की टीम इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। ऐसे वाहनों पर अब तक न तो किसी अधिकारी की बत्ती बुझाई गई है और न ही इस पर कोई जांच की गई है। इसके चलते जिलेभर में आम नागरिकों को इन अधिकारियों द्वारा मनमानी और सरकारी संसाधनों का गलत इस्तेमाल देखना पड़ रहा है। विभाग द्वारा अब तक किसी भी अपात्र वाहनों की जांच कराकर अपात्र अधिकारियों और नेताओं द्वारा लैशर बत्ती और हूटर के दुरुपयोग पर कार्रवाई नही की जा रही है। नियमों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त नियम होने के बावजूद अफसरशाही में वीआईपी कल्चर का मोह कम नहीं हो रहा है। ऐसे में प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है, ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी इस तरह के नियम उल्लंघन की हिम्मत न कर सके।

कहने को तो निजी वाहनों पर हूटर, फ्लैश लाइट और वीआईपी स्टीकर लगाया तो भारी भरकम जुर्माना भरने का भी प्रावधान है, इनका दुरुपयोग रोकने के लिए पुलिस अभियान शुरू करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके अलावा कुछ लोग गाड़ियों पर जाति और समुदाय के बारे में खुलेआम लिखवाकर अपना रौब दिखाते हुए व्हीआईपी कल्चर के साथ ही रहना पसंद कर रहे हैं। अपात्र वाहनों पर कार्रवाही व जुर्माने की कार्रवाही न किए जाने से अपात्र अफसर व अपात्र जनप्रतिनिधियों द्वारा तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपना दबदबा बनाए हुए हैं।

## तीन लाख के जेवर रास्ते में गिरे, पुलिस ने खोज निकाला



- विवाह समारोह से घर लौटते वक्त गिरा पर्स, सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थानांतर्गत एक महिला का पर्स रास्ते में गिर गया जिसमें करीब तीन लाख रूपए कीमती जेवर रखे थे। पर्स गिरने की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छानबीन शुरू की जिसके बाद पुलिस को एक घंटे में ही पर्स की जानकारी मिली, पुलिस ने पर्स में रखे जेवर सहित महिला के सुपुर्द कर दिया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के बाबरी टोला निवासी मनीषा बर्मन ने थाने पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि वह शादी समारोह से अपने घर लौट रहीं थीं तभी स्टेशन से घर के लिए ईरिक्शा में बैठ गयी घर पहुंचकर महिला ने जैसे ही अपने बैग में रखे पर्स को निकालना चाहा तो उसके होश उड़ गए, पर्स गायब था, जिससे वह घबराकर तत्काल कोतवाली थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी।

महिला की शिकायत सुन कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह ने तत्परता से अपनी टीम को जांच के लिए आदेशित किया और रास्ते का सीसीटीवी फुटेज देखा गया तो महिला का पर्स कमानिया गेट समीप गिरा नजर आया जिसे एक बुलेट चालक द्वारा उठाते हुए देखा गया पुलिस द्वारा बुलेट वाहन का नंबर ट्रेस करते हुए उक्त व्यक्ती के घर संपर्क किया गया जिसके बाद उक्त व्यक्ति महिला का पर्स लेकर थाने पहुँचा, पर्स में रखे सभी जेवर मौजूद थे पुलिस ने महिला को पर्स सुपुर्द कर दिया।

### अश्वगांधा की खेती पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

## अश्वगंधा की खेती किसानों के लिए साबित होगी वरदान, अब होगा अधिक मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजनान्तर्गत बड़वारा खंड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन मानव जीवन विकास समिति बिजौरी में किया गया। एक जिला एक औषधीय पौधे अश्वगंधा को बढ़ावा देने अश्वगंधा की खेती करने के लिए किसानों व समूह सदस्यों को खेत की तैयारी से लेकर, फसल लगाने, आवश्यक देखरेख और कटाई कर स्टोर करने तक की जानकारी दी गई। मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह द्वारा बताया गया की किसानों को अश्वगंधा की खेती फायदेमंद है। अभी हाल ही में हमने जिले का ढीमरखेड़ा ब्लॉक में 100 किसानों के साथ अश्वगंधा की खेती कराई है, अच्छा उत्पादन हुआ है। इसकी खेती से किसानो की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई है। डाक्टर प्रशांत दुबे आयुष विभाग द्वारा बताया गया अश्वगंधा से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाना, शारीरिक ताकत और ऊर्जा में वृद्धि, नींद में सुधार, हृदय स्वास्थ्य, डायबिटीज में सहायक, मस्तिष्क और स्मरण शक्ति का विकास, तनाव और चिंता में राहत के लिए काफी फायदेमंद है। मास्टर ट्रेनर चंद्रपाल कुशवाहा ने कहा कि वन में पाए जाने वाले पौधों की तुलना में खेती के माध्यम से उगाए जाने वाले अश्वगंधा की गुणवत्ता अच्छी होती है। अश्वगंधा को शुष्क और गर्म जलवायु पसंद है, रेतीली दोमट या हल्की लाल मिट्टी जिसमें पानी न ठहरे, सबसे उपयुक्त होती है। खेत को अच्छी तरह से जुताई करे, जब मिट्टी भुरभुरी हो जावे तब यह खेत तैयार हो जाता है। अश्वगंधा की उन्नतशील प्रजातियाँ हैं जिनमें पोषिता, जवाहर अश्वगंधा -20, जवाहर अश्वगंधा-134। अच्छे और स्वास्थ्यपूर्ण बीज चुनाव करना चाहिए, बीज को सीधे खेत में छिड़क सकते हैं या नर्सरी में रोपाई कर सकते हैं, बीज की बुवाई जून के अंत से जुलाई की शुरुआत में करें, रबी के सीजन में अक्टूबर माह में बुवाई करे।

## वाटर कूलर लगाकर बुझ रहे यात्रियों की प्यास




बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत न्यू बस स्टैंड में यात्रियों को शीतल पेय जल उपलब्ध कराने हेतु संस्था अध्यक्ष आर एल चौधरी द्वारा वाटर कूलर एवं प्याऊ का शुभारंभ किया गया। बस स्टैण्ड में यात्रियों को भीषण गर्मी में ठंडे पानी की उपलब्धता हो सकेगी। इस दौरान से आराधना तिवारी, माया गुप्ता, राजेश चौधरी, राधा विश्वकर्मा कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, संगीता बर्मन एवं रविकांत राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## घंटों चली छापामार कार्रवाई, आबकारी को नहीं मिली एक भी पाव अवैध शराब, बैरंग लौटा अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ढ़ीमरखेड़ा के ग्राम सिहुड़ी में आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गांव में छापामार कार्रवाई और सघन गश्त पैदल मार्च कर यहां अवैध शराब कारोबार में लिप्त लोगों के ठिकानों व अड्डों में सघन तलाशी की गई। बताया जाता है कि करीब एक दर्जन से अधिक पुलिस व आबकारी अमला द्वारा कई घंटों तक छापामार कार्रवाही की गई बावजूद इसके एक बूंद शराब जप्त करने में आबकारी अमला नाकाम रहा। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बाकल प्रतीक्षा सिंह चंन्देल, आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, केशव प्रसाद उइके, महेन्द्र कुमार शुक्ला, केके पटेल एवं मोना दुबे आबकारी आरक्षक, राजेश गौटिया, राम सिंह तथा होम गार्ड सैनिक उमेश मिश्रा एवं पुलिस थाना बाकल स्टाफ मौजूद रहा।

## कन्हवारा के कछवारा तालाब की सामूहिक श्रमदान से सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं, ग्राम पंचायत व ग्राम वासियों के सहयोग से स्थानीय कछवारा तालाब में श्रमदान करके तालाब की साफ सफाई की, जिसमें पानी में फैली खरपतवार, घास, विसर्जन सामग्री, कूड़े कचरे की सफाई की गई। ग्राम वासियों को आगामी समय में गणेश जी, दुर्गा जी आदि की मूर्तियों का विसर्जन, एवं जवारे, कजलियां अन्य पूजन सामग्री गांव के घाट में विसर्जित न करने हेतु प्रेरित करते हुए विकल्प के रूप में कुंड बनाकर उसमें पानी भरकर फिर उसमें विसर्जन करने हेतु प्रेरित किया, जिससे तालाब का पानी साफ स्वच्छ उपयोग करने योग्य रहेगा। ग्राम वासियों ने इस पर अपनी सहमति जताते हुए तालाब स्थित घाट को साफ सुथरा रखने का संकल्प लिया। ग्रामों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों नदी, तालाब, कुओं और बावड़ियों की श्रमदान से साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य नियमित रूप से जारी है, जिसमें मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल संवर्धन के लिए प्राकृतिक जल स्त्रोतों का रखरखाव और संवर्धन करने की दृष्टि से जन भागीदारी को बढ़ावा मिले और जन समुदाय अपने आने वाले कल के लिए जल को सुरक्षित कर सके, और पानी के उचित रखरखाव और बचत के लिए उनके व्यवहार में परिवर्तन हो। इसी श्रृंखला में ग्राम कन्हवारा के कछवारा तालाब में सामूहिक सहयोग से श्रमदान कर निकले हुए कचरे को श्रृंखला बनाकर तालाब के बाहर फेंका गया ।

### खरीददारी से बाजार हुए गुलजार, बाल विवाह रोकने प्रशासन सख्त

# आज अक्षय तृतीया पर रहेगी शादियों की धूम, व्यापारियों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अक्षय तृतीय का पावन पर्व आज 30 अप्रैल बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस शुभ तिथि पर जिलेभर में करीब एक हजार से अधिक शादियां होने की संभावना है। विवाह मुहूर्त को लेकर सभी मैरिज गार्डन व बारात घर पहले से बुक हो चुके हैं। हालात ऐसे नजर आ रहे हैं कि कई दूल्हे बिना घोड़ी के बारात निकालने मजबूर होगें, घोड़ी बघ्घी पहले से ही अपनी बुकिंग कर चुके हैं। विवाह आयोजनों की तैयारियों से शहर गुलजार नजर आ रहा है। शादियों के साय को देखते हुए बाजारों में रौनक छाई है और सर्राफा बाजार में भी मंगलवार को जमकर खरीदारी हुई। अक्षय तृतीय पर्व पर शुभ कार्य होते है, जिसमें शादियों को जोर रहता है। पर्व के मद्देनज़र बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सर्राफा बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। सोना-चांदी की खरीदारी को लोग शुभ मानते हैं, ऐसे में ज्वेलरी शॉप्स में बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। दुकानदारों का कहना है कि अक्षय तृतीय जैसे शुभ मुहूर्त पर लोग धन-संपत्ति की खरीदी को शुभ मानते हैं, जिससे बाजार में रौनक बढ़ गई है।

शादियों की खरीदारी के चलते ठीक एक दिन पहले बाजारों में सुबह से शाम तक खरीदारों की भीड़ नजर आई। लोग आभूषण, कपड़े, बर्तन व इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीद करते दिखाई दिए। शादियों के सीजन में लोगों द्वारा की जा रही खरीदी के चलते बाजार में खूब धन वर्षा हो रही है। ऐसे में व्यापारी समेत सभी वर्ग के लोगों के चेहरे खिले हुए है। शादियों के चलते शहर के ब्यूटी पार्लरों में भी खासी रौनक नजर आ रही है। आलम है कि दूल्हनों की ओर से शादी की तिथि नियत होने के साथ ही एडवांस बुकिंग करा ली गई। ऐसे में नजदीकी दिनों में सजने की चाह रखने वाली महिलाओं को मन पसंद ब्यूटी पार्लरों की सेवाएं नहीं मिल पा रही है। सजने संवरने को लेकर शहर की महिलाओं से ज्यादा गांवों में क्रेज देखने को मिल रहा है। शहर की कई ब्यूटी पार्लर इस मौके को कैश करते हुए गांवों में भी सेवाएं देने पहुंच रही है। इसी प्रकार मेंस पार्लरों में भी हजारों रुपए के पैकेज पर सेवाएं मिल रही है। शादियों में दूल्हे के वाहन का भी विशेष महत्व रहा है। पहले जहां दूल्हे के लिए बैल गाड़ी या रथ काम में लिए जाता था। अब समय बदलने के साथ ही मोटर कारों का चलन हो गया है। दूल्हे अपने खास क्षणों को यादगार बनाने के लिए कार की भी बखूबी सजावट करवा रहे है।

**बाल विवाह रोकने दल गठित**

जिले में अक्षय तृतीया पर्व एवं अन्य विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक सशक्त, समन्वित और बहुस्तरीय व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए विकासखंड स्तर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय बाल विवाह रोकथाम दल गठित किया गया है।

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाल विवाह निगरानी समितियां और कोर ग्रुप बाल विवाह संबंधी गतिविधियों पर सख्त नजर रखें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। समाज में इस कुप्रथा का स्वरूप बहुत ही भयावह है। कलेक्टर दिलीप यादव ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए समाज से भी आगे आने और जिला प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नंबर 07622-220071 पर और पुलिस कंट्रोल रूम सहित संबंधित एसडीएम और महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों को भी दी जा सकती है। प्रशासन बाल विवाह की रोकथाम के लिए सजग और मुस्तैद है। बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 की धारा 9, 10, 11 एवं 13 के तहत बालविवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों , संस्था, सामाजिक संगठन के लिए दो वर्ष तक कारावास अथवा 1 लाख रूपये का जुर्माना या दोनो का प्रावधान है।

## जरूरतमंद परिवार को प्रदान की गई वैवाहिक सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा ने अक्षय तृतीया के पूर्व भगवान परषुराम पूजन के साथ एक जरूरतमंद बेटी के पिता को विवाह में सहयोग करते हुए आवश्यक सामग्री व नगदी प्रदान की। माई नदी पार भार्गव गार्डन प्रेम वाटिका में सुदर्शना ग्रुप मेंबर्स ने दद्दा धाम निवासी बेटी के सुखी संसार बसने की कामना की। समान और सहयोग पाकर पिता ने सभी का आभार जताया। इस दौरान मीरा भार्गव के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रम की अध्यक्षता राजुल मिश्रा ने की। संचालन शशी दुबे ने किया। इस अवसर पर ममता गर्ग, डॉ. लक्ष्मी द्विवेदी, गायत्री त्रिवेदी, ज्योति पांडेय, ऋचा बाजपेई, रंजना गर्ग, शशी दुबे, लक्ष्मी दीक्षित की उपस्थिति रही। इस पुण्य कार्य में समाजसेवी गौ सेविका अमिता श्रीवास का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### शासकीय कन्या शाला में हुआ पौधारोपण



**सिलौड़ी।** जल संवर्धन अभियान अंतर्गत शासकीय कन्या हाई स्कूल में पौधरोपण किया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य विशाल वरकड़े ने पर्यावरण के महत्व को बताते हुए कहा कि आज पर्यावरण को लेकर काफी जागरूकता बढ़ने लगी है, युवा वर्ग बहुत ही गंभीरता से ले रहे हैं। खुद तो पौधरोपण कर ही रहे हैं अन्य लोगों को भी इसके फायदे बता रहे हैं, समाज में अधिक से लोगों को जागरूक करते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान जिसमें अमित राय, विनोद राय, प्रभारी प्राचार्य विशाल वरकड़े, वरिष्ठ शिक्षक जीवन लाल बागरी, अशोक हल्दकार आदि ने जामुन, आम सहित नीम, पीपल, बरगद आदि पौधे का पौधारोपन किया।

### श्रीभूमि प्रकट शारदा माता में आज होगें आयोजन

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर बरगवां स्थित श्री भूमि प्रकट शारदा माता का प्राकट्य समारोह एवं देवी जागरण का आयोजन किया जा रहा है। आनंद के इस पावन अवसर पर माँ के दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण करने हेतु समिति द्वारा सपरिवार आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम जन्मोत्सव दोप. 12 बजे विशाल भंडारा, दोप. 1 बजे से 4 बजे तक देवी जागरण रात्री 8 बजे से आयोजित किया गया है।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से उपचार हेतु राशि स्वीकृत

**कटनी।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद की राशि से जिले के 3 गंभीर रूप से बीमार मरीजों के उपचार हेतु मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से 1 लाख 25 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह राशि संबंधित हॉस्पिटल के खाते में जमा कर दी गई है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से बरही करौंदीकला निवासी राजेश पटेल के उपचार के लिए 35 हजार रूपये की राशि मंजूर की गई है। इसी प्रकार तेवरी वार्ड क्रमांक 2 जैन मंदिर के पीछे स्लीमनाबाद बहोरीबंद निवासी देवी प्रियांशु पिता प्रसन्ना के उपचार हेतु 55 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से ही कटनी खिरहनी वार्ड 13 के निवासी आकांक्षा पिता लखनलाल रैदास के उपचार के लिए 35 हजार रूपये की राशि मंजूर की गई है।

### तुअर उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत तुअर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि आज बुधवार 30 अप्रैल को है। पूर्व में यह तिथि 20 अप्रैल थी। पंजीयन रिपोर्ट के अनुसार तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन कम होने के कारण कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि राज्य शासन ने 20 अप्रैल के स्थान पर 30 अप्रैल तक बढ़ा दी थी। इसके साथ ही पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन हेतु अब 5 मई तक किया जा सकेगा।

### लंबित प्रकरणों के समाधान हेतु आयुक्त ने दिए निर्देश

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने मंगलवार को समस्त शाखाओं के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में मुख्य रूप से टी.एल एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले नगर निगम से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई । आयुक्त ने टी.एल एवं जनसुनवाई के लंबित एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्यवाही व विभागीय प्रतिवेदन का अवलोकन कर उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष को उनके द्वारा दर्ज कराये जाने वाले प्रतिवेदन स्पष्ट व संतुष्टिजनक हो यह सुनिश्चित करने हेतु कहा।साथ ही जनसुनवाई एवं टी एल के प्रकरण को प्राथमिकता देते हुए अविलंब कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए है। बैठक में सुधीर मिश्रा, आदेश जैन, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, सागर नायक, अश्वनी पांडेय, शैलेंद्र प्यासी, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा,रविशंकर पांडेय व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिना जांच बेच रहे फिल्टर का पानी, प्लांट का नहीं हो रहा निरीक्षण

# न जांच न निगरानी, शुद्धता के विश्वास में बिक रहा फिल्टर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



तपन भरी गर्मी के बीच वैवाहिक सीजन के चलते आरओ केन से भरे पानी की डिमांड काफी बढ़ गई है। ऐसे में अनेकों प्लांटों में तमाम नियमों को दरकिनार करते हुए पानी से भरे केन पहुंचाए जा रहे हैं। शहर से गांव तक संचालित करीब आधा सैकड़ा से अधिक आरओ प्लांट से जार में पानी की आपूर्ति की जा रही है। हालांकि, इस पानी की शुद्धता को लेकर न कोई जांच होती है और न आरओ प्लांट पर साफ-सफाई की निगरानी। आरओ के पानी के नाम पर शुद्धता के भरोसे पर कारोबार चल रहा है।

गर्मी का मौसम में पल-पल पानी की जरूरत पड़ रही है। घरों से लेकर दुकान और कार्यालयों में आरओ पानी की केन पहुंच रही है। ऐसे में शादियों के सीजन की भी धूम है। ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जो पानी की केन आप तक पहुंच रही है, वह क्या शुद्ध है। क्योंकि सवाल इसलिए खड़े हो रहे कि जहां इस पानी की जांच करानी होती है। वहां छह माह क्या साल भर से कोई सेंपल नहीं पहुंचा। जिले भर में अनकों आरओ प्लांट संचालित हो रहे हैं, जो गर्मी आते ही और सक्रियता से काम करना शुरू कर देते हैं। इनका धंधा सबसे अधिक फल फूलने का सबसे बड़ा कारण शुद्ध पानी की डिमांड होना। इसलिए लोग फिल्टर पानी खरीदकर पी रहे हैं, ताकि स्वास्थ्य पर गलत असर न पड़े, लेकिन आरओ संचालक पानी की जांच कराना उचित नहीं समझ रहे हैं, जबकि छह-छह माह में एक बार जांच कराना जरूरी है। आरओ पानी बेचने के लिए प्लांट संचालकों ने हैवी बोरिंग कराकर कारोबार कर रहे हैं। धरती का पानी निकालकर उसे फिल्टर करते हैं। इसके बाद उसे चिलर में डालकर ठंडा करते हैं। इसी पानी को कूल केज व ट्रांसपेरेंट बोतल में भरकर बेचते हैं। कारोबारी शादी में भी पानी की सप्लाई का ऑर्डर लेते हैं। कई ऐसे प्लांट संचालक है जिनके पास पानी बेचने का लाइसेंस नहीं है। न ही पानी की जांच कराकर किसी ने एनओसी ली है। प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बेचा जा रहा है। पानी गुणवत्ता युक्त है या नहीं, अधिकारियों द्वारा इस ओर जांच नहीं की जा रही है। नियमानुसार पानी को लैब में जांच कराना अनिवार्य है जहां उसकी गुणवत्ता देखी जा सके, इसके लिए लाइसेंस की भी अवश्यकता होती है लेकिन अनेकों कारोबारी बना लायसेंस के ही आरओ प्लांट का संचालन कर रहे हैं। नियमानुसार आरओ प्लांट के पानी की हर माह रिपोर्ट भेजनी पड़ती है। सरकारी लैब में छह-छह माह में पानी की जांच कराने का नियम है। आरओ प्लांट के लिए कमर्शियल विद्युत कनेक्शन होना चाहिए। अनेकों प्लाटों में दूषित पानी भेजा जा रहा है जिससे पथरी की बीमारी, हड्डी का कमजोर होना, पेट दर्द की समस्या, एसीडीटी, मुंह में छाले होना आम हो गया है।

## बाल विवाह रोकने आंगनबाड़ी में किया जा रहा जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बाल विवाह मुक्त अभियान बाल विवाह समाप्त करने और देश भर में युवा लड़कियों के सशक्तिकरण हेतु सरकार के प्रयास किए जा रहे हैं।। प्रति वर्ष कुछ विशेष तिथियों में बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह होते हैं। इन तिथियों में एक अक्षय तृतीया अथवा आखातीज भी है, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को है। इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्पन्न होते हैं, जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है।

इस संबंध में शासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर तैयारियों के साथ-साथ जन जागरूकता हेतु सभी स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बाल विकास परियोजना शहरी के सेक्टर 05 के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 176 में केन्द्र के हितग्राहियों के उपस्थिति में किशोरी बालिकाओं द्वारा मेंहदी लगा और रंगोली के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम का संदेश दिया गया। जिसमें सेक्टर की पर्यवेक्षक श्रुति मिश्रा व कार्यकर्ता आरती निषाद, सहायिका श्रीमती ज्योति निषाद उपस्थित रहीं।

बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त रूख अपना लिया है, इसके तहत अब बाल विवाह में शामिल हलवाई, कैटरर्स, धर्मगुरू, समाज के मुखिया, बैंड बाजा वाले, घोड़ी वाले और ट्रांसपोर्टर आदि को भी बाल विवाह रोकने कहा है अगर इसके बाद भी ये बाल विवाह में किसी भी रूप में साथ देते हैं तो ऐसे में इसने खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने आदेश दिए गए।

*महापौर ने कार्य में तेजी लाने दिए दिशा निर्देश*

## धीमी गति से चल रहा सीवर कार्य, स्थानीय लोगों को हो रही परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



पाठक वार्ड के लक्ष्मी पान भंडार से सागर पुल तक मुख्य मार्ग में चल रहे सीवर कार्य की धीमी गति लोगों के बीच एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। यहां से गुजरने वाले राहगीरों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यहां से खुदाई में निकाला गया मलवा लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहा है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां लोगों को आना जाना निरंतर जारी रहता है। दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों का यहां घंटों जाम लग रहा है। लोगों को आने जाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कटनी जक्शन व मुड़वारा स्टेशन से कटनी साउथ की ओर जाने वाले यात्रियों को और भी ज्यादा कठनाईंयां हो रही हैं। कार्य के दौरान यहां सड़क को बंद किए जाने के कारण ऑटो द्वारा स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों की ट्रेनें भी नहीं मिल पा रही हैं।

इसके अलावा स्थानीय लोगों के लिए भी यहां की धीमी गति से हो रहा कार्य परेशानी का कारण बन रहा है। स्थानीय लोगों की समस्यसा देखते हुए महापौर प्रीती संजीव सूरी ने ठेकेदार को किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने के निर्देश दिए हैं। महापौर द्वारा ठेकेदार को जल्द से जल्द तेज गति के साथ कार्य पूरा कराने कहा गया है। इसके साथ ही पाईप डालने के उपरांत किया गया गड्ढ़ा तत्काल ढ़कने भी कहा गया है। महापौर ने ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य शीघ्रता के साथ पूरा करते हुए उक्त स्थान पर डामलीकरण का कार्य तत्काल किया जावे जिससे यहां के स्थानीय निवासियों तथा आने जाने वाले राहगीरों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

उल्लेखनीय है कि सीवर प्रोजेक्ट के तहत शहर ठेकेदार द्वारा सीवर लाईन तो डाल दी जाती है लेकिन उक्त स्थान पर डामरीकरण के लिए काफी ज्यादा समय लगाया जाता है। जिससे वहां से गुजरने वाले लोग चोटित भी होते रहते है, साथ ही निर्माण एजेंसी द्वारा काम के दौरान आसपास रहने वालों की सुविधा का ख्याल नहीं रखा जा रहा है, ऐसे में लोगों को परेशानी हो रही है।

## भयंकर गर्मी में ठंडे का बाजार शिखर पर



भीषण गर्मी लोगों का हाल बेहाल कर रही है, ऐसे में लोग अपने कंठ को सुखाने ठंडे पानी के अलावा पेय पदाथों की ओर अपना रूख कर रहे हैं। बाजार में लस्सी की दुकानों पर काफी भीड़ देखी जा रही है। गर्मी से राहत पाने लोग लस्सी के साथ साथ कोल्डड्रिंक, आइसक्रीम, मैंगो शेक, गन्ने के रस और शिकंजी पीना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। गर्मी में अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए भारी भोजन व तेल मसालों से दूरी बना रहे हैं। ऐसे में भीषण गर्मी के बीच ठंडे का बाजार जोरों पर चलता दिखाई दे रहा है। ठंडे पेय पदार्थो की खपत में काफी इजाफा देखा जा रहा है। इसके साथ साथ लोगों द्वारा फलों के जूस व नारियल पानी को भी काफी पसंद किया जा रहा है।

## ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्थाओं को लेकर आयुक्त ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



निगमायुक्त नीलेश दुबे ने मंगलवार 29 अप्रैल को शहर विकास के महत्वपूर्ण विषय ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में आयुक्त ने योजना क्रमांक 20 ट्रांसपोर्ट नगर में सीमांकन हेतु संबंधित उपयंत्री को पुनः पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में गेट एवं शेष पहुँच मार्ग में डामरीकरण कर कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

बैठक में आयुक्त श्री दुबे ने संबंधित उपयंत्री को ट्रांसपोर्ट नगर में शेष आवंटित भू खण्ड धारकों को अंतिम रूप से नोटिस जारी कर लीज़ रेंट जमा करते हुए 7 दिवस के अंदर भवन अनुज्ञा प्राप्त कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किए जाने के संबंध में निर्देश दिए है। विदित हो ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में सभी ट्रांसपोर्टर्स को नगर निगम से संबंधित सर्व सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा सके, साथ ही व्यवसाय संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े इस हेतु सभी समुचित व्यवस्थाएँ जैसे सड़क मरम्मत, सफ़ाई, प्रकाश पेयजल आपूर्ति हेतु पाइपलाइन इत्यादि कार्य कराया गया है।ताकि ट्रांसपोर्टर ट्रांसपोर्ट नगर से व्यवसाय का संचालन कर सकें। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,सहा यंत्री आदेश जैन,सहा राजस्व अधिकारी सागर नायक, वरुणेश मिश्रा,उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी,मोना करेरा,जे.पी बघेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

*आवास, मजदूरी व विद्युत लाईन की पहुंची समस्याएं*

## जनसुनवाई में 114 आवेदकों की सुनी समस्याएं, दिए निराकरण के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरही



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 114 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं गईं। यहां आस-पास एवं दूर-दराज स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों से कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर अधिकारियों ने रू-ब-रू संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना।

जनसुनवाई के दौरान सावरकर वार्ड निवासी मनीषा पंजवानी ने आवेदन देते हुये बताया कि मैंने मनोहर लाल कुशवाहा से भवन क्रय किया था। जिसकी रजिस्ट्री मनोहर लाल कुशवाहा द्वारा मेंरे पक्ष में की गई थी। क्रय किये गये मकान से लगा हुआ मकान मनोहर लाल कुशवाहा का है। विगत माह में मनोहर लाल द्वारा मेरे मकान की छत पर अपने मकान से आकर डरा-धमकाकर जबरदस्ती कमरों का निर्माण कराया है। इसलिए आवेदिका ने अपना मकान खाली कराने कलेक्टर से आग्रह किया। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

दुर्गा चौक निवासी छोटे लाल पटेल पिता भगवतदीन पटेल ने बताया कि मेरे खेत में बिजली विभाग की मेन लाइन गई हुई है, जो कि बहूत लूज हो चुकी है। जिसके आपस में टकराने से स्पार्किंग होती है। जिससे फसल में आग लगने का खतरा बना रहता है। साथ ही हम किसान लोग ट्रैक्ट्रर या कोई अन्य वाहन से अपनी फसल नहीं काट सकते हैं, इसलिए बिजली के ढीले तारों को व्यवस्थित करवाया जाय। जिस पर कलेक्टर ने बिजली विभाग को इस शिकायत के निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम उमलाज निवासी छोटीबाई पति स्व. ओमशंकर ने कलेक्टर को आवेदन देते हुये कहा कि मेरा नाम पीएम आवास योजना में आ चुका है। परंतु सरपंच एवं सचिव द्वारा मुझसे 20 हजार रूपये की मांग की जा रही है। मैं एक गरीब विधवा महिला हूँ एवं कच्चे मकान में रहती हूँ। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ रीठी जनपद पंचायत को इस मामले में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार एक अन्य आवेदक माधवनगर निवासी घीसल चौधरी ने आवेदन देते हुये बताया कि वर्ष 2022 एवं 2023 में मेरे द्वारा आवास योजना का फॉर्म भरा गया था परंतु मुझे योजना का लाभ नहीं मिला एवं इस वर्ष जब फॉर्म भरे जा रहे हैं तो हमारे मुहल्ले में कोई सर्वे करने ही नहीं आया। जिस पर कलेक्टर ने आयुक्त को पात्रतानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। भगनवारा निवासी निरशाबाई ने आवेदन देकर बताया कि 2019 में मनरेगा के अंतर्गत मिट्टी खुदाई एवं सड़कें निर्माण हेतु कार्य किया था। जिसकी मजदूरी सीईओ बड़वारा जनपद पंचायत को निश्चित कार्यवाही के निर्देश दिए।

### राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का जिला सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न

## कलम की धार जितनी तेज कलमकार उतना ही सरल होता जाता है: डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी







हीरागंज स्थित जैन धर्मशाला में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का जिला सम्मेलन का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि जबलपुर जोन के डीआईजी अतुल सिंह तथा शहर की प्रथम नागरिक महापौर प्रीति सूरी की उपस्थिति रही। सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती जी की वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए डीआईजी अतुल सिंह ने कहा कि पत्रकारिता कोई बेहद सरल कार्य नहीं है हालकी सोशल मीडिया ट्रेंड ने इसे और चुनौती पूर्ण बना दिया है इसके बाद भी पत्रकारिता का सामाजिक राजनीतिक व प्रशासनिक व्यवस्था में योगदान बेहद ही सराहनीय रहता है, डी आई जी ने पुराने पत्रकारों के बारे मे कहा की कलम की धार जितनी गाढ़ी होती जाती है कलमकार उतना ही सरल, संजीदा, और विनम्र होता जाता है । महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने अपने उद्बोधन में पत्रकारिता की चुनौतियों के सफर का उल्लेख करते हुए कलमकारों से व्यवस्था में कमी को लगातार सामने लाने और उसके निराकरण पक्ष को भी प्रकाशित करते रहने की अपेक्षा की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी ने कहा कि सभी पत्रकार साथियों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर स्तर पर सक्रिय प्रयास होने चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे ने सभी उपस्थित पत्रकारों से परिषद के विचारों के अनुरूप जनहित को लाभान्वित करते हुए परिषद को नए आयाम से जोड़ने का मार्गदर्शन दिया। सम्मेलन को प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक तथा संभाग अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने भी संबोधित करते हुए परिषद के सभी सदस्यों से एकजुटता के साथ परिषद का नाम रोशन करने पर बल दिया। जिला सम्मेलन में प्रदेश संगठन मुख्य महासचिव अनुरोध पटेरिया, प्रदेश प्रवक्ता उमेश शुक्ला, संभागीय महासचिव शिव चौरसिया ने भी उदबोधन व्यक्त किए। मंचासीन अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गोपाल सिंघानिया ने स्वागत भाषण देते हुए मांग की कि पत्रकारों के अधिमान्यता नियमों का सरलीकरण हो, पत्रकारों को भी निःशुल्क स्वास्थ सुविधा, आवास योजना का लाभ प्राप्त हो इस हेतु राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास होने चाहिए। नई पहल करते हुए परिषद परिवार को भी परिषद से जोड़ने के उद्देश्य से कैमोर के राजेश सिंघई की पुत्री कुमारी अंशिता सिंघई जिसने मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित बीडीएस की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने पर अतिथियों द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया।

## शानू व करण पाल को हर माह थाने में देनी होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने दो आदतन अपराधियों स्लीमनाबाद निवासी शानू सिंह ठाकुर और तिलक चौक कैमोर निवासी करणपाल शर्मा के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये आगामी 3 माह की अवधि तक हर माह की 1 से 16 तारीख को संबंधित पुलिस थाना में उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है। स्लीमनाबाद निवासी 23 वर्षीय आदन अपराधी शानू सिंह ठाकुर के विरूद्ध थाना स्लीमनाबाद में तीन मारपीट, एक आत्महत्या के लिए उकसाने तथा थाना बहोरीबंद में एक मारपीट और दो बलवा एवं शासकीय कार्य में बाधा तथा थाना उमरियापान में एक आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध है। जो विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित है। ने अपराधी शानू सिंह के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर किया है। इसी प्रकार कैमोर थाना अंतर्गत तिलक चौक निवासी 30 वर्षीय करणपाल शर्मा के विरूद्ध भी कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही की है। अपराधी करणपाल शर्मा के विरूद्ध वर्ष 2013 से 2024 तक भारतीय दण्ड संहिता की धारा 506 के अधीन 7 अपराध प्रकरण पंजीबद्ध हैं। जो विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित है। करणपाल के आपराधिक प्रवृत्ति में गालीगलौज करना मारपीट कर चोट पहुंचाना और जुआं जैसे अपराध के कृत्य में शामिल है। कलेक्टर कार्यवाही करते हुये शानू सिंह को थाना स्लीमनाबाद और करणपाल को पुलिस थाना कैमोर में आगामी 3 माह की अवधि तक हर माह की 1 से 16 तारीख को उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश दिया है।

## खबर संक्षेप

### 185 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 185 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 130 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ 30 आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इस दौरान सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, लोकसेवा प्रबन्धक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। आज आयोजित जनसुनवाई का सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे ने जनसुनवाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्वंय का स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया।

### प्रभु से बढ़कर कोई सुख संपदा नहीं : पं उमाशंकर शास्त्री

**बनवार।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन ग्राम टिकरी में कथा वाचक उमाशंकर शास्त्री ने अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत सुनाया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने वालों का सदैव कल्याण होता है और जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति ही होना चाहिए। कथा वाचक ने कहा कि आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़कर संसारिक विषयों में लगा हुआ है, जबकि मानव जीवन का उद्देश्य शाश्वत है। उन्होंने कहा कि अगर हम दृढ़ निश्चय कर लें कि जीवन मं कृष्ण को पाना ही है, तो हमारे लिए इससे बढ़कर कोई सुख और संपदा नहीं होगी। कथा में आगे कहा गया कि भागवत कथा श्रवण करने से जीवन में बहुत कुछ पाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए हमें प्यासे बनकर आना होगा और कुछ सीखने के उद्देश्य से कथा सुननी होगी।

### मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 2 मई को पन्ना आएंगे

**पन्ना।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार, 2 मई को सुबह 7:30 बजे दमोह से कार द्वारा प्रस्थान कर 9:30 बजे पन्ना आएंगे। मंत्री श्री पटेल सतना बैरियर से किलकिला नदी उद्गम स्थल पहुंचेंगे एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यक्रम में शामिल होकर सर्किट हाउस पन्ना आएंगे। इसके उपरांत 10:45 बजे ग्राम पंचायत इटवांखास के बन्दरखोह रवाना होंगे।

### 25 माह में न फील्ड डायरेक्टर न वेटनरी डॉक्टर की पोस्टिंग हुई, 93 में से44 गांव ही विस्थापित

# तमगा टाइगर रिजर्व का लेकिन सेंचुरी से ज्यादा कुछ नहीं, टूरिज्म जैसा भी नहीं

**बाघ संख्या - 19 से 23**
**कोर एरिया - 1414 वर्ग किमी**
**बफर क्षेत्र- 925.120 वर्ग किमी**
**कोर एरिया-1 नौरादेही- 1390.036 वर्ग किमी**
**कोर एरिया-2 दुर्गावती - 23.97 वर्ग किमी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जून 2023 में अस्तित्व में आए बुंदेलखंड के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को 25 महीने बीत चुके हैं लेकिन यह अभी टाइगर रिजर्व के स्वरूप में नहीं ढल पाया है कागज पर भले ही यह रिजर्व बन गया, लेकिन है सेंचुरी की तरह अभी तक यहां फील्ड डायरेक्टर और वेटनरी डॉक्टर की नियुक्ति भी नहीं हुई। रेस्क्यू टीम और अधीनस्थ अमला भी अभयारण्य जैसा ही है टाइगर रिजर्व के 93 गांवों में से 44 का ही विस्थापन हो पाया है इसमें शामिल तीन जिलों के अलग-अलग एरिया का कागजों में हस्तांतरण भी अभी बाकी है यहां वर्तमान में 20 से23 बाघ है बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है टूरिस्ट आना चाहते हैं, लेकिन उन्हें टूरिज्म जैसा माहौल नहीं मिल पा रहा है नौरादेही डीएफओ के हाथ में ही पूरे टाइगर रिजर्व की कमान है अधिकारी दावा कर रहे हैं कि जल्द सबकुछ मिलेगा डिमांड भेजी गई है क्षेत्रफल में प्रदेश के सबसे बड़े अभयारण्य नौरादेही और सबसे छोटे वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य को मिलाकर प्रदेश का सातवां और बुंदेलखंड का दूसरा टाइगर रिजर्व बनाया गया था। इसे जून 2023 में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अर्थॉरिटी से मंजूरी मिली थी। चुनावी लाभके नजरिए से प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के पहले इसकी अधिसूचना जारी करते हुए नए टाइगर रिजर्व की सीमाएं तय की थीं। इसका नाम वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व रखा गया। तीन जिले दमोह सागर और नरसिंहपुर का कोर एरिया इसमें शामिल किया गया है नौरादेही अभयारण्य के लिए 2012-13 से विस्थापन की प्रक्रिया शुरू हुई थी नौरादेही अभयारण्य की सीमा में आने वाले बरपानी, तरा, भड़रा, करनपुर, मढ़िया, बधा, बिजनी, कुसमी (लगरा), तिंदनी, खापा, महका, सिंगपुरी (जामुनझिरी), जामुनहटरी, महगवां, खापा, आमापानी, केसली, आंखीखेड़ा, केरपानी, सर्रा, पुटदेही, खमरापठार, जोगीपुरा, झमरा, उकरपार, दुधिया तथा हांडीकाट शामिल हैं मुहली गांव का विस्थापन चल रहा है।

### बाघों में संघर्ष,

नौरादेही में वर्ष 2018 में बाघ शिफ्टिंग प्रोजेक्ट पर काम शुरू हुआ था। पहले बाधिन एन-1 राधा को और कुछ दिन बाद बाघ एन-2 किशन को लाया गया था। सिर्फ 5 साल में 15 बाघों का कुनबा हो गया कुछ बाहर से बाघ आकर यहां रम गए टेरेटरी को लेकर बाघों के बीच संघर्ष एक बड़ा खतरा है एक साल पहले नौरादेही के पहले बाघ किशन एन-2 की एक बाहरी बाघ से संघर्ष में मौत हो गई थी यहां तेंदुआ, चिंकारा, हिरण, नीलगाय, सियार, भेड़िया, लकड़बग्घा, भालू व अन्य वन्य जीव भी हैं।

- **इन पांच कारणों से समझिए क्यों टाइगर रिजर्व अपने स्वरूप में नहीं आ पाया**
- **फील्ड डायरेक्टर, जो कि बफर व कोर एरिया के हिसाब से अलग-अलग होते हैं इनकी पोस्टिंग नहीं हुई।**
- **बाघ, तेंदुए और अन्य वन्य जीवों के रेस्क्यु के लिए टीम हैं पर ट्रैक्युलाइज स्पेशलिस्ट व वेटनरी डॉक्टर नहीं**
- **टाइगर रिजर्व में शामिल तीन जिलों की जमीन का हस्तांतरण अटका है सिर्फ बफर जोन की जमीन ट्रांसफर हुई है**
- **पर्यटकों के लिए आसपास स्टे होम्स नहीं टाइगर के मूवमेंट पर सफारी वाले रूट को ही बंद कर दिया जाता है**
- **रिजर्व से गांवों का विस्थापन अटका है इनमें दमोह जिले के गांव ज्यादा हैं सागर के 7, नरसिंहपुर के 3 गांव बचे हैं**

### सीधी बात- एए अंसारी, डीएफओ टाइगर रिजर्व

**टाइगर रिजर्व कागजों में बनकर रह गया है ?**

ऐसा नहीं है हर तरफ अमल हो रहा है ऐसे प्रोजेक्ट में समय लगता है। फील्ड डायरेक्टर व रेस्क्यू टीम में वेटनरी डॉक्टर ही नहीं। वेटनरी डॉक्टर की डिमांड भेजी है शासन स्तर से फील्ड डायरेक्टर की पोस्टिंग होगी।

**टाइगर रिजर्व में शामिल जमीन का ट्रांसफर भी अटका है ?**

बफर जोन की जमीन का हस्तांतरण हो चुका है। शेष प्रक्रिया में है।

**टाइगर रिजर्व में टूरिज्म जैसा माहौल क्यों नहीं बन पा रहा ?**

छिरारी में टूरिज्म के लिए 4 हैक्टेयर जमीन मिली है। सफारी के लिए योजना बनाई है।गांवों के विस्थापन के लिए लगातार बजट आ रहा है। 93 में से 44 गांव विस्थापित कर दिए हैं। शेष भी करेंगे।

## शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के आवाहन पर राज्य कर्मचारी संघ, आजाद अध्यापक संघ, अजाक्स संघ, एवं समस्त शिक्षकों के हितार्थ कार्य करने वाले संगठनो ने एकजुट होकर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु बिंदुवार ज्ञापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे को सोपा एवं अपनी मांगों को पूरी करने हेतु अपनी बात रखी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त मांगों को समय सीमा में पूर्ण करने का आश्वासन दिया। मांगो में मुख्य रूप से परामर्शदात्री समिति की बैठक, संघो के पत्रों का जबाब, अर्जित एवजश का लाभ, सेवापुस्तिका की द्वितीय प्रति, एनपीएस पासबुक एवं मिसिंग कटौती, फिक्सेशन, ग्रीन कार्ड राशि बसूली,एईओ प्रणाली में शालाओं का सही निर्धारण आदि बिन्दुओ को शामिल किया गया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से म. प्र.राज्य कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डा सिंह ठाकुर, दिलीप द्विवेदी शिक्षक संघ से तहसील अध्यक्ष अशोक साहू, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बागवार, आजाद अध्यापक संघ से ऋषि शर्मा, अजाक्स संघ से परम लाल अहिरवार के साथ-साथरघुराज सिंह ठाकुर प्राचार्य, परसोत्तम सिंह,तेजीसिंह, भारत यादव, जिला उपाध्यक्ष दौलत सिंह, मुंशी सिंह,राजेश शर्मा, भारत साहू, नरेश सिंह, गनेश राज, अमित भारतद्वाज, सत्येंद्र जैन, नरेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, बहादुर सिंह, रामकुमार परस्ते, हिम्मत सिंह, सतेंद्र जैन, गुड्डा पाल, रवि सिंह, देविशंकर यादव, शैलेन्द्र यादव, कुंदन उपाध्याय, काशीराम अहिरवार, मातृशक्ति शिक्षिकाओं में सीमा दुबे, संगीता सरैया, अनुराधा तिवारी, ऋतुरानी नामदेव आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। समस्त संगठन की कार्यकारिणी पदाधिकारी सदस्य गण एवं समस्त शिक्षकों ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए ज्ञापन सौंपने मैं सहभागिता की मध्य प्रदेश शिक्षक संघ इकाई ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र बागवार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा भगवान परशुराम का प्रकोटउत्सव

**हटा।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आज भगवान श्री परशुराम जी का प्रगटोउत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विधि विधान के साथ ब्राह्मण धर्मशाला में सुबह 7 बजे से 12 बजे तक सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में हवन पूजन कर नाया जाएगा वहीं पूर्वी की भांति नगर में निकल जाने वाली शोभा यात्रा का कार्यक्रम पहलगांव में हुए हमले को मद्देनजर रखते हुए स्थगित किया गया है जिससे अमन शांति कायम रहे। शोभायात्रा की वजह आज बुधवार को शाम 7 बजे से ब्राह्मण समाज धर्मशाला प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश की प्रसिद्ध भजन गायिका संजू बघेल एवं दीप्ति बघेल के द्वारा भजनों की प्रस्तुति की जाएगी जिसमे नगर और ग्रामीण अंचलों के भारी संख्या में धर्म प्रेमी सम्मिलित

## वैश्य महासम्मेलन की छठवीं मासिक बैठक व मिलन समारोह का आयोजन



**दमोह।** जिले में वैश्य महा सम्मेलन के बैनर तले वैश्य समाज के द्वारा प्रत्येक माह मासिक बैठक का आयोजन किया जाता है जिसमें पारिवारिक मिलन समारोह भी आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में छठवीं मासिक बैठक पारिवारिक मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन वैश्य भवन में किया गया जिसमें सभी ने पंक्चुअलिटी गेम सहित अन्य प्रश्नोत्तरी गेम खेलकर गेम का आनंद लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में माता लक्ष्मी का पूजन अर्चन किया गया सभी ने गेम का आनंद लिया। वहीं चाट चौपाटी का आनंद उठाया। बैठक में सर्व सहमति से राहुल जैन ट्रांसपोर्ट को वैश्य युवा इकाई का प्रभारी घोषित किया गया जहां सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं बैठक में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, संभागीय महामंत्री सुशील गुप्ता, महिला संभागीय अध्यक्ष रितु अग्रवाल, जिला प्रभारी पदम इटोरिया, जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल, महिला प्रभारी विद्या असाटी अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल, नगर महिला अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी युवा नगर अध्यक्ष राजू नामदेव, सुमन अग्रवाल, कंचन असाटी, रमा अशोक अग्रवाल, निशा अग्रवाल, राजेंद्र असाटी, दिनेश गुप्ता, ज्योति स्वप्नेशअग्रवाल सीमा अनिल अग्रवाल, नीलू राजेंद्र अग्रवाल, शिखा संतोष अग्रवाल, सविता मनीष जैन, संगीता सुशील अग्रवाल, निर्मला गुप्ता, बरखा बंटी गुप्ता नंदा मुकेश असाटी मालती असाटी विष्णु गुप्ता गिरजा साहू रश्मि ललित असाटी हेमा नामदेव रश्मि संदीप नामदेव सरोजिनी राजकुमार नामदेव सरिता अनिल नेमा मोना वीरेंद्र असाटी अनामिका सचिन असाटी लकी सोनी मंजू अनिल अग्रवाल रजनी गुड्डा साहू लक्ष्मी अग्रवाल साधना विनोद गुप्ता कमला भगवान दास साह निवेदिता अनुराग साहू ज्योति प्रदीप गुप्ता माया राजेश गुप्ता मनीषा गिरधारी गुप्ता माधुरी सोनू गुप्ता नूतन राजेश साहू वीणा किशोरी लाल अग्रवाल संगीता मनीष नायक कल्पना प्रभु पोद्दार शोभा राजकुमार असाटी सुषमा विश्वकर्मा छाया राजेश साहू बबीता महेंद्र साहू अमित विकल्प जैन नीलिमा वीरेंद्र अग्रवाल तुलसा बृजेश नामदेव निक्की रेणु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वैश्य बन्धुओं की उपस्थिति रही

## शिल्पी प्रकोष्ठ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** आदर्श विश्वकर्मा कल्याण महासभा मध्य प्रदेश राज्य शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री बनारसी दास विश्वकर्मा जी के द्वारा भोपाल के जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा गया। यह मांग की गई की शिल्पी शिल्पकार समाज को पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल किया जाए और जो अधिकार शिल्पी शिल्पकार समाज को नहीं मिला है, वह अधिकार प्रदान किया जाए जिला कलेक्टर ने विश्वास जताया है कि जो प्रदेश अध्यक्ष जी की मांग है उसको राज्यपाल महोदय एवं मुख्यमंत्री महोदय तक अवश्य ही पहुंचाएंगे और उसे पूरा करने में सक्रिय भूमि का निभाएंगे प्रदेश अध्यक्ष जी का यह प्रयास संपूर्ण शिल्पी समाज के लिए बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय है।

## पेंशनर्सो को फिर छला गयाः राकेश सिंह हजारी

**दमोह।** म.प्र.शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश संरक्षक राकेश सिंह हजारी द्वारा म.प्र.शासन अपने अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का लंबित मंहगाई भत्ता जो 3 प्रतिशत एवं जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत देने एवं लंबित एरियर्स की राशि किश्तों के रूप में दिये जाने की घोषणा की गई, जिसका प्रदेश का कर्मचारी म.प्र.शासन को धन्यवाद देता है, और आपेक्षा करता है कि जैसे ही केन्द्र सरकार अपने कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता स्वीकृत करता है। मध्यप्रदेश शासन उसी माह अपने कर्मचारियों को दिये जाने का प्रावधान रखें साथ ही म.प्र. के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये मंहगाई भत्ता की घोषणा नहीं होने से प्रदेश का पेंशनर्स अपने आपको छला महसूस कर रहा है, सेवानिवृत्त पेंशनर्सों को छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति का रोना बताकर अपना पल्ला झाड़ रहा है, लंबित तिथि से भी मंहगाई भत्ता स्वीकृत नहीं करना भी पेंशनर्सों के साथ घोखा दिया जाना स्वमेव प्रमाणित है, पेंशनर्सों का जीवन यापत का एक मात्र आसरा मंहगाई भत्ता पर ही निर्भर रहते है, और इस अवस्था में उन्हें आर्थिक स्थिति से किस प्रकार अपना जीवन व्यतीत कर रहें है. इसका अंदाज म.प्र.शासन को नहीं हो रहा है, मध्यप्रदेश का विलय छत्तीसगढ़ के रूप में दिनांक 01 नवम्बर 2000 को हुआ आज विगत 25 वर्ष हो जाने के बाद भी पेंशनर्सों के लिये मंहगाई भत्ता की सहमत्ति का रोना रो रही है, यह पेंशनर्सों के साथ धोखा नही तो क्या है, अतएव म.प्र. शासन को चाहिये कि सेवा में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता की जब घोषणा की जाती है, उसी समय पेंशनर्सों को भी मंहगाई भत्ता की घोषणा की जावें एवं लंबित माहों का भी एरियर्स का भुगतान किये जाने का प्रावधान रखा जायें। अतएव म.प्र.शासन से आपेक्षा की जाती है कि मध्यप्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों एवं पेंशनर्सों में भेदभाव ना हो सकें।

## बाल सम्मान कार्यक्रम आयोजित



**तेंदुखेडा।** कलेक्टर के निर्देशन एवं महिला बाल विकास उक्त कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन में महिला बाल विकास के तत्वाधान में बाल सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाल हितेषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ में जेंडर लिंग आधारित शिक्षा के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। तत्पश्चात समस्त बच्चों का प्रमाण पत्र केप एवं बैच देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी कैलाश राय, बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के प्रचारक वीरेंद्र जैन, सरपंच प्रतिनिधि चक्रेश जैन एवं विद्यालय के प्राचार्य अशोक साहू एवं ससना कला एवं सर्रा विद्यालय से आए हुए छात्राएं एवं उनके शिक्षकों ने भी भाग लिया विद्यालय में शिक्षक सुदीप जैन दिनेश जैन रुपसीग ठाकुर प्राजलि दुबे चतुर सिंह ठाकुर जितेंद्र जैन रश्मि लोधी खेमचंद राय रानी विश्वकर्मा अन्य सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## मतदाता सूची तैयार करने में पूर्ण सावधानी रखेंः अपर कलेक्टर

**दमोह।** मध्यनप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतो के रिक्त पदों हेतु फोटोयुक्तक मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संदर्भ में जारी किए गए निर्देशों के परिपालन में जनपद पंचायत हटा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के प्राधिकृत अधिकारियों, सचिवों और आंगनवाड़ी कार्यकताओं की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मीना मसराम ने कहा मतदाता सूची तैयार करते समय पूर्ण सावधानी रखी जाये। एसडीएम एवं रजिस्ट्री करण अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने सजग होकर टीप अंकित करने को कहा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर माधव पटेल ने परिवर्धन, विलोपन, संशोधन फॉर्म भरने की प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया एवं दैनिक प्रतिवेदन भेजने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी राजेश पारासर, लेखपाल महेश अहिरवार, निर्वाचन सहायक विमल राज, अनिल अहिरवार उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने काजी, धर्म गुरूओं एवं समाज प्रमुखों की बैठक सम्पन्न

### संकल्प संस्था एवं महिला बाल विकास ने उपस्थितजनों को शपथ दिलाई

**दमोह।** स्थानीय जिला पंचायत के सभा कक्ष में संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सन्निकट अक्षय तृतीया के अलावा अन्य अवसरों एवं दिवसों पर होने वाले बाल विवाह को रोकने काजी, धर्म गुरुओं एवं विभिन्न समाज प्रमुखों की एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह मुक्त जिला दमोह बनाने सामूहिक शपथ भी कार्यक्रम मे ली गई। । इस मौके पर संकल्प समाजसेवी संस्थान के सचिव संदेश बंसल, महिला बाल विकास विभाग के सहायक संचालक संजीव मिश्रा एवं संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे द्वारा उपस्थितजनों को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही कि कहा कि बाल विवाह से विशेष कर नाबालिग बच्चियों का शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं विकास प्रभावित होता है । और वे राष्ट्र की मुख्य धारा से लगभग पृथक दिखाई देते है। बाल विवाह पर बैठक में उपस्थित अनेक वक्ताओं ने अपनी बात रखी। एवं आवश्यक सुझाव भी दिए। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने बाल विवाह मुक्त दमोह जिला बनाने सामूहिक शपथ भी ली। इस मौके पर शालिनी दिवाकर,, सुजात खान,संगीता श्रीधर, नर्मदा सिंह एकता, एकता विश्वकर्मा, जितेन्द्र जैन, बीरेन्द्र जैन, दिनेश पाठक, अजय गर्ग, काजी शाहिद अली, प्रतिभा सिंह, रितु विश्वकर्मा, प्रहलाद रैकवार, ऋषभ राठौर सहित बडी.संख्या में विभिन्न समाजों के प्रमुख, काजी एवं धर्म गुरू उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत मे सभी का आभार प्रदर्शन सुजात खान व्दारा किया गया।




## भगवान गणेश की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर के मुख्य बाजार में स्थित शिव मंदिर में भगवान गणेश की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और अभिषेक किया। दोपहर में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसमें ग्रामवासी भक्ति भाव से शामिल हुए। शोभायात्रा के बाद मंदिर में कन्या भोजन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंत में मंदिर परिसर में आरती का आयोजन हुआ जिसमें समस्त ग्रामवासियों ने भाग लिया।

### भगवान परशुराम हमारे आराध्य देव उनके विचार बेहतर करने के लिए करते हैं प्रेरित....

# भगवान परशुराम का जीवन हमें धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

भगवान परशुराम की शिक्षाएं आज भी खासकर युवाओं के लिए प्रेरणादायी बनी हुई हैं उनका अदम्य साहस हो या फिर मातृ भक्ति या फिर चुनौतियों का सामना करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो यही कारण है कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि व युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है इस तरह भगवान परशुराम का जीवन युवाओं के लिए एक प्रेरणा है उनके जीवन से हम दृढ़ता, साहस, न्याय के प्रति निष्ठा, और माता-पिता के प्रति सम्मान जैसे मूल्य सीख सकते हैं हमें परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए भगवान परशुराम एक महान ऋषि और योद्धा थे, जिन्हें बहुत सम्मान दिया जाता है। उनके जीवन और शिक्षाओं से हमें कई महत्वपूर्ण आदर्श सिद्धांत मिलते हैं। उनके जीवन आदर्श और सिद्धांतों को अपनाकर हम अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। वर्तमान समय में युवा पीढ़ी का संस्कारवान होना बहुत जरूरी है। युवाओं को चाहिए कि वे भगवान परशुराम के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलें।

तारादेही थाना प्रभारी पंडित राजीव पुरोहित कहते हैं कि भगवान परशुराम के जीवन में दृढ़ता, न्याय के प्रति निष्ठा और पिता के प्रति समर्पण जैसी खूबियां हैं जो युवाओं को प्रेरित कर सकती हैं वे अपनी माता की रक्षा के लिए और अपने पिता के आदेश का पालन करने के लिए जाने जाते थे।



**पंडित राजीव**

तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडित नीरज पाण्डे कहते हैं कि भगवान परशुराम ने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया और कभी भी सत्य और धर्म के मार्ग से नहीं डिगे हैं उन्होंने अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और हमेशा सत्य का समर्थन किया हम भी उनके बताए मार्ग पर चलने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।



**पंडित नीरज पाण्डे**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़**

सहायक सचिव पंडित प्रदीप मिश्रा कहते हैं कि भगवान परशुराम हमारे आराध्य देव हैं और धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने पृथ्वी पर अवतार लिया और अपना सारा जीवन धर्म की रक्षा पर ही न्यौछावर कर दिया।




**पं प्रदीप मिश्रा**
**सहायक सचिव बम्हौरी**

प्रबंधक पंडित यशवंत त्रिपाठी कहते हैं कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अपने धर्म की रक्षा के लिए सतत प्रयास करने की शिक्षा देता है धर्मो रक्षति रक्षिता, यदि हम धर्म की रक्षा करते हैं तो धर्म हमारी भी रक्षा करता है।



**पं यशवंत त्रिपाठी तेन्दूखेड़ा**

पंडित गोपाल शर्मा कहते हैं कि भगवान परशुराम ने अपने माता-पिता के प्रति गहरा सम्मान और प्रेम दिखाया है, उन्होंने अपने पिता के आदेश का पालन किया, भले ही वह कितना कठिन क्यों न हो।



**पं गोपाल शर्मा ,तेन्दूखेड़ा**



बम्हौरी सरपंच पंडित दिलीप मिश्रा कहते हैं कि भगवान परशुराम ने हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और निर्बलों की रक्षा की। उन्होंने अपने जीवन में अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और हमेशा सत्य का समर्थन किया। परशुराम ने अपने जीवन में हमेशा सत्य और धर्म का पालन किया। वे हमेशा सत्य के मार्ग पर रहे और कभी भी अन्याय का समर्थन नहीं किया।

## मतदाता सूची तैयार करने में पूर्ण सावधानी रखेंः एडीएम



**हटा।** मध्यचप्रदेश राज्यर निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतो के रिक्त पदों हेतु फोटोयुक्तव मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संदर्भ में जारी किए गए निर्देशों के परिपालन में जनपद पंचायत हटा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के प्राधिकृत अधिकारियों,सचिवों और आंगनवाड़ी कार्यकताओं की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए जिला उप निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मीना मसराम ने कहां को मतदाता सूची तैयार करते समय पूर्ण सावधानी रखे। रजिस्ट्री करण अधिकारी श्री राकेश सिंह मरकाम ने सजग होकर टीप अंकित करने को कहां,प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर माधव पटेल ने परिवर्धन,विलोपन,संशोधन फॉर्म भरने की प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया एवं दैनिक प्रतिवेदन भेजने की जानकारी दी।प्रशिक्षण में तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी,खंड विकास अधिकारी राजेश पारासर,लेखपाल महेश अहिरवार,निर्वाचन सहायक विमल राज,अनिल अहिरवार उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

## पंचायत मंत्री के विशिष्ट आतिथ्य में 1 मई को होगा सम्मेलन

**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्रीप्रहलाद सिंह पटैल के विशिष्ट आतिथ्य में 1 मई 2025 दिन गुरुवार को सरपंच सम्मेलन का आयोजन जरारूधाम ग्राम पंचायत हरदुआ जामशा जनपद पंचायत बटियागढ़ में शाम 4:00 बजे से किया जायेगा, जिसमें जिले के सम्पूर्ण जनप्रतिनिधि शामिल होगे। सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से से कहा है अपने जनपद क्षेत्रान्तर्गत माननीय विधायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला/जनपद सदस्य एवं पंच/सरपंच को सहभागिता हेतु आमंत्रित किया जाये।

## स्टॉल का किया निरीक्षण

**दमोह।** कृषि विभाग के उपसंचालक जे.एल. प्रजापति ने बताया सागर में आयोजित मेले में जिला दमोह कृषि विभाग की एक प्रदर्शनी का स्टॉल लगाया गया जिसमें दमोह जिले के प्रगतिशील किसान थंबन सिंह लोधी, बहादुर सिंह लोधी, श्रीराम कुरेरिया एवं अन्य किसानों द्वारा सहभागिता की गई। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने मिलेट्स मेले में दमोह जिले की स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने मिलेट्स से बने उत्पादों का स्वाद भी चखा एवं सराहना की। इस अवसर पर कृषकों ,जनप्रतिनिधियों, अधिकारीगण मौजूद थे।

### खुलेआम हजारों ट्रालियां रेत का अवैध भंडारण

# खनिज विभाग की अनदेखी से भदभदा के पास बढ़ता जा रहा अवैध रेत खनन का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग क्षेत्र में रेत माफियाओं पर खनिज सहित पुलिस विभाग की कृपा दृष्टि बनी हुई है। हटा थाना क्षेत्र में सुनार नदी का ऐसा कोई घाट नहीं बचा है जहां चोरी छिपे अवैध खनन नहीं हो रहा हो। जिसमें सबसे ज्यादा रेत उत्खनन प्रशासन की नाक के नीचे एसडीओपी व एसडीएम कार्यालय से कुछ ही दूरी पर सुनार नदी के वाटरफॉल भदभदा स्पाट से पुल के बीचों बीच नदी में खनिज माफियाओं द्वारा दिन रात रेत का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टरों से एसडीओपी, तहसीलदार व एसडीएम कार्यालय के सामने से दिनदहाड़े खुलेआम परिवहन किया जा रहा है।यही नहीं रेत के कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह न सिर्फ बिना रॉयल्टी रेत खनन करते हैं बल्कि विभिन्न स्थानों पर बिना लाइसेंस उसका भंडारण कर वहीं से उसकी बिक्री भी कर रहे हैं। पुलिस विभाग के जिम्मेदारों को जानकारी होने के बाद भी उन पर कार्यवाही न होना उनकी सांठ-गांठ को दर्शाता है।





### खुलेआम हो रही रेत चोरी

रेत के अवैध उत्खनन और उस पर कार्यवाही करने व अवैध कारोबार को रोकने का जिम्मा शासन ने जिस विभाग को दिया है, उसके जिम्मेदारों ने अवैध उत्खनन रोकने को लेकर कितनी सख्ती दिखाई है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नगर समेत लगभग ग्राम पंचायतों में चोरी की रेत सप्लाई हो रही है, लेकिन आज तक उन पर कार्यवाही नहीं हो सकी। हालांकि स्थानीय पुलिस द्वारा इक्का दुक्का कार्यवाही कर अपनी पीठ खुद थपथपाकर वाहवाही लूटते हुये उच्चाधिकारियों तक काले कारनामों को छिपाने का भरसक प्रयास भी किया जाता है। सूत्रों की मानें तो पुलिस विभाग ने नगर के कुछ छुटभैय्ए युवा नेताओं को रेत चोरी करने की खुली छूट दी हुई है। जिस वजह से वह दिनदहाड़े सुनार नदी के पास डीवर घाट से खनिज माफिया बेखौफ होकर रेत खनन करने में लगा हुआ है वहीं विभाग के मुखिया से लेकर खनिज इंस्पेक्टर तक की कानों पर जूं तक नही रेंग रही है। ऐसा लगता है मानों सब कुछ जानते हुए भी अपनी आखें मूंद रखी हो।

### प्रतिदिन लाखों रुपए की निकाली जा रही रेत

अगर खनिज माफियाओं द्वारा निकाली जा रही अवैध रेत का मूल्यांकन किया जाए तो पता चलेगा एक ट्रॉली जिसके वह 3500-4000 रुपए तक लेकर नदी से निकलने देते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है यदि 50 ट्रॉली भी रोज निकालते है तो 2 लाख रुपए की रेत का अवैध कारोबार अकेला भदभदा के आसपास पांइट से हो रहा है जिसमें प्रशासन को कुछ भी नहीं मिल पा रहा। अब देखना यह है कि खनिज अधिकारी कब कार्रवाई करेंगे। सवाल यह उठता है कि जिन लोगों को शासन ने चोरी सहित अन्य अवैध गतिविधियों के लिए तैनात किया हुआ है, साथ ही कप्तान ने भी जिले में अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ हिदायत दी हुई है, बावजूद इसके हटा क्षेत्र में खुलेआम चोरी की रेत ट्रैक्टरों के माध्यम से सुनार नदी से बाहर निकल रही है, इससे सरकार सहित कप्तान की मंशा पर जहां पानी फिर रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में चोरी को बढ़ावा मिल रहा है।

## शराब पीने के बाद युवक की मौत

**तेजगढ़।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेजगढ़ थाना अंतर्गत देशी और अंग्रेजी शराब की दुकान मुख्य बस स्टैंड पर होने से बस स्टैंड जैसे व्यस्ततम क्षेत्र का माहौल खराब होता है व लोगो को भी परेशानी होती है। ग्राम पतलोनी के परम अहिरवाल उम्र लगभग 45 वर्ष पिता उमरैया अहिरवाल 29 अप्रैल 2025 को सुबह तेजगढ़ शराब दुकान पर गया व शराब खरीद कर रोड के किनारे शराब दुकान के पास पटटी पर बैठकर शराब पीकर नशे की हालत में इसी पटटी पर लेट गया। तहताहाती धूप में अनेकों घंटा पढा रहा। कुछ व्यक्तियों ने देखा एक व्यक्ति पटटी पर पड़ा है जिसकी सूचना तेजगढ थाने को मिलने पर पुलिस मोके पर पहुंच कर जाँच पडताल की जो व्यक्ति मृत पाया गया। छानबीन के दौरान पता चला कि ग्राम पतलोनी का परम लाल अहीरवाल है। परिजनों को बुलाकर मृतक की पहचान करवा कर पुलिस ने कार्यवाही की। पंचनामा बनाकर परिजनों को शव सौंप दी। तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल से जानकारी लेने पर उनहोंने बताया कि परिजनों का कहना है कि अधिक शराब रोज पीता था। नशे में रहकर खाना भी नहीं खाता था।



## भगवान परशुराम जयंती पर धूमधाम से निकलेगी शोभायात्रा

**दमोह।** श्रीभगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम जी के प्रकटोत्सव को देश भर में मनाया जायेगा। दमोह नगर में प्रतिबर्ष की भांति एक भव्य शोभायात्रा सिविल वार्ड कमला नेहरू महाविघालय के समीप स्थित अति प्राचीन शिव पार्वती मंदिर प्रारंभ होगी। आज 30 अप्रेल बुधवार को संध्या 04 बजे नगर के प्रमुख मार्ग से होकर यह यात्रा निकाली जायेगी। ज्ञात हो कि यह शोभायात्रा एक ऐतिहासिक शोभायात्रा के रूप में पहचान बना चुकी है जिसमें भगवान परशुराम के स्वरूप की जीवंत झांकी होती है तो वहीं बडी संख्या में मातृ शक्ति एकता, शक्ति,धर्म के साथ संगठन की शक्ति का संदेश देते हुये देखी जाती हैं। लगभग 5 किलोमीटर की दूरी दमोह नगर के विभिन्न मार्ग से होकर उक्त यात्रा निकाली जाती है। प्रतिबर्ष की भांति इस बर्ष भी आज संध्या 04 बजे यह यात्रा पारंपरिक तरीके से निकलेगी जिसमें हजारों की संख्या में विप्र बंधु सहभागिता करेंगे। स्थानीय सिविल वार्ड के शिव पार्वती मंदिर से प्रारंभ होकर यात्रा कापरेटिव बैंक चौराहा,बस स्टेण्ड,स्टेशन चौराहा,रात तिराहा,एवरेस्ट तिराहा,घंटाघर,अंबेडकर चौक से होते हुये वापिस अपने उद्गम स्थल पर पहुंचेगी। जिसमें सम्मिलित होने के लिये जिले के सभी विप्र बंधुओं से सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की प्रार्थना आयोजन समीति के द्वारा की गयी है। आज वैसे तो दिन भर धार्मिक आयोजन होंगे प्रातःकाल परशुराम टेकरी जबलपुर नाका पर धार्मिक अनुष्ठान,यज्ञ,हवन,पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। वहीं सिविल वार्ड के शिव पार्वती मंदिर में सुंदर कांड का पाठ हवन पूजन प्रसाद वितरण होगा। संध्या के समय भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा।

## सीमांकन, नामांतरण बंटवारा के अविवादित प्रकरणों का निराकरण,1 से 31 मई तक किया जायेगा-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार ने कहा जिले में सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा इन प्रकरणों का निराकरण जो अविवादित है निराकरण किया जाएगा। आगामी 1 से 31 मई तक तीन बातें यह होगी और इसके अलावा चौथी बात है, जितनी परिसंपत्तियां हैं, जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होते जैसे-तालाब, कुंए, विभागीय भवन हैं, अलग-अलग परिसंपत्तियां हैं, जो अलग-अलग विभागों की हैं, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में उनके नाम पर दर्ज नहीं या फिर ऐसी भूमियां है, जिसमें की जिला प्रशासन ने भू-अर्जन कर लिया है, भू-अर्जन का पैसा लोगों को दे दिया है, लेकिन आज भी वह उन्हीं लोगों के नाम पर दर्ज है, इन सबको राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने का पूरा अभियान चल रहा है। हमारे पास अभी तक लगभग 15 विभागों की जानकारी आ गई है। अब हम तहसीलों के माध्यम से जो है, राजस्व रिकॉर्ड के कॉलम नंबर 12 में इसको अपडेट कराने की कार्रवाई की जा रही है। बाकी विभागों से भी कहा गया है, की वह जल्दी-जल्दी जानकारियां भेजें, ताकि यह अपडेशन का काम कराया जा सके। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एक बड़े पैमाने पर इस काम को लिया है, इसी प्रकार रिकॉर्ड रूम को भी जैसे जबलपुर कलेक्टर ने किया है, उसी तर्ज पर हमने भी इस पर काम शुरू कर दिया है, और अभी टीम प्रारंभिक तौर पर रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने में लगी हुई है। उसके बाद एक व्यवस्थित प्लान के साथ अगले एक महीने में इसको एक नए स्वरूप में लाने की कोशिश करेंगे। धीरे-धीरे अगले दो तीन महीनों के अंदर वह एक पूरे स्वरूप में आ जाएगा, उसके लिए भी टीम ने काम करना प्रारंभ कर दिया है।

## शिक्षक की सेवानिवृति पर दी विदाई



**दमोह।** शासकीय मा.ल. बा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह ने विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एम. के. खरे की सेवानिवृत्ति पर भावुक विदाई दी। एम. के. खरे जो कि अंग्रेजी भाषा के विद्वान होने के साथ कुशल संचालक, नेतृत्व की क्षमता से ओतप्रोत मेहनती कार्यकर्ता और उम्दा शिक्षक रहे हैं। जिन्होंने सदैव छात्रहित में कार्य किया है । विभागीय कार्य मूल्यांकन, शिविर, प्रशिक्षण आदि के माध्यम से वह हमेशा अपनी छाप छोड़ते आए हैं। उनकी विदाई में आज संपूर्ण शाला परिवार भावुक था। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस समारोह के अध्यक्ष डॉ. अनिल चौधरी एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री नरेंद्र दुबे सारस्वत अतिथि रहे। विद्यालय के पूर्व प्रा. एस. एल. अहिरवार, पूर्व प्रा. अर्चना जैन, आर एस. राजपूत एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रा. रमेश व्यास जी, डी. के. मिश्रा, दिनेश असाटी जी, प्रा. पी. आर. अहिरवार, **APC** मोहन राय, प्रा. प्रा. पारस जैन मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की ओर से महेंद्र जैन प्रयास संस्था से आई. सी. जैन,एम. एल. जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय में आते ही नई ऊर्जा का संचार करने वाले डॉ सोनवलकर ने स्वागत वचन एवं विद्यालय परिवार ने सभी का तिलक माल्यार्पण से सभी का स्वागत किया। इसी पल में विद्यालय परिवार को श्री खरे ने 11 हजार की राशि प्रदान की। आगंतुकों, रिश्तेदारों एवं साथी शिक्षकों ने अपनी भावनाओं एवं उपहारों से विदाई दी एवं विद्यालय परिवार की शिक्षिकाओं ने मंगल गीत गाकर उनको विदाई दी । कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन डॉ प्रदीप जैन एवं श्रुति राजपूत ने किया । विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आर. वी. सींग ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया । अंत में स्वल्पाहार एवं मधुर वार्तालाप व विदाई के साथ एम के. खरे जी को पुनः विद्यालय आने का न्योता दिया गया।

## अक्षय तृतीयाः भगवान आदिनाथ के तप का प्रतीक



**बनवार।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने आत्म-साधना के मार्ग पर चरण-न्यास किया और चैत्र कृष्णा अष्टमी को मौन ग्रहण कर लिया। वे एक वर्ष से अधिक समय तक निराहार विचरते रहे। बाद में हस्तिनापुर में उनके आगमन पर श्रेयांस ने उन्हें इक्षु-रस का दान दिया, जो भगवान का पहला आहार था। यह वैशाख शुक्ला तृतीया का दिन था, जो अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध हुआ। अक्षय तृतीया किसी भी शुभ कार्य को प्रारंभ करने के लिए एक स्वतः सिद्ध शुभ मुहूर्त माना जाता है।यह दिन भगवान ऋषभ के महान तप की संपन्नता का प्रतीक है।- वर्तमान में वर्षी तप वर्ष भर के लिए संकल्पपूर्वक प्रारंभ किया जाता है। मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी एवं मुनि श्री 108 निर्दोष सागर जी महाराजःसगरा में विराजमान हैं।उनकी आहारचर्या का सौभाग्य मुनि भक्त जयकुमार जैन, प्रदीप जैन निराला परिवार को प्राप्त हुआ।

## बेसहारा महिला का महाकाल मित्र मंडली ने किया अंतिम संस्कार

**दमोह।** नगर पालिका परिषद के बजरिया वार्ड नंबर 04 में रहने वाली बेसहारा महिला जो वार्ड में अकेले ही रहती थी ना उसके रिश्तेदार थे। सोमवार की रात्रि में फूलबाई रैकवार का निधन हो गया जब वार्ड के स्थानीय लोगों को बेसहारा महिला के निधन की खबर लगी तब स्थानीय युवाओं ने महाकाल मित्र मंडल के साहिल विरमानी को फोन पर सूचना दी कि उक्त महिला फूलबाई रैकवार का परिजन नहीं है। तो तत्काल ही महाकाल मित्र मंडल के साहिल विरमानी, जेपी मिश्रा, कल्लू चौबे, प्रकाश गोस्वामी,करीम खान, इजराइल खान बेसहारा महिला के घर पर पहुंचे जिसका विधि-विधान से हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम शव यात्रा निकाली और जटाशंकर मुक्ति धाम में महाकाल मित्र मंडल के सदस्यों के द्वारा अंतिम संस्कार किया गया। महाकाल मित्र मंडल के साहिल विरमानी ने बताया कि इस तरह के कार्य करने से मन को संतुष्टि मिलती है जिसका कोई नहीं है उसकी मदद करने में मन को संतुष्टि प्राप्त होती है। हमारे महाकाल मित्र मंडल के सभी नौजवान सदस्य दमोह जिले में निरंतर सेवा कार्य कर रहे हैं।

## तहसीलदार द्वारा नरवाई में आग लगाने पर 27 किसानों को भेजा नोटिस

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत दमोह जिले की राजस्व सीमा में नरवाई/फसल अवशेष में आग लगाने की घटनाओं पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, जिसके परिपालन में कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं कोटवार द्वारा प्रस्तुत पंचनामा के आधार पर तहसीलदार पथरिया द्वारा 27 किसानों को नोटिस जारी किये गये है। कृषि विभाग और राजस्व विभाग द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के वाबजूद भी नरवाई जलाने की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, जिससे पशुओं का चारा नष्ट हो रहा है, फसलों में सहायक जीव जंतु नष्ट भी नष्ट हो रहे हैं, वातावरण प्रदूषित और तापमान बढ़ रहा है, मिट्टी के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। खेत में फसल अवशेष/नरवाई जलाने से मृदा के लाभ-दायक सूक्ष्म जीव,किसान के मित्र कहे जाने वाले केंचुए एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाता है, जिससे मृदा सख्त एवं कठोर होकर बंजर हो जाती है।

# आम रास्ता में हुये अतिक्रमण की, सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

राजस्व विभाग की हीला हवाली एवं लोगों की बढ़ती हुई लालसा के चलते अब तो लोग सार्वजनिक आम रास्ता पर भी अतिक्रमण करने से संकोच नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही एक वाक्य ग्राम पंचायत बलैह में देखा जा सकता है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बलैह के निवासी श्याम बिहारी पटेल द्वारा दिनांक 12 अप्रैल 2025 को सीएम हेल्पलाइन पर एक शिकायत दर्ज कराई गई जिसका शिकायत नंबर 3182 88 64, है, शिकायत में उल्लेख किया गया है कि ग्राम के मुख्य मार्ग से आदिवासी टोला तक 2 किलोमीटर लंबी एवं 80 फुट चौड़ा पहुंच मार्ग खेत सड़क योजना के अंतर्गत 10 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा बनाया गया था। उक्त सड़क पर ग्राम के ही कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर तार की बड़ी लगाकर फसल लगाई गई है लोगों की सुविधा के लिए बनाई गई। सड़क (सैर) पर कब्जा करके सड़क को सकरा किया जा रहा है सड़क की चौड़ाई कम हो जाने से अब लोगों को आने-जाने में परेशानी होने लगी है शिकायतकर्ता श्याम बिहारी पटेल ने हरिभूमि को बताया कि पहले इस सड़क की चौड़ाई 80 फुट थी लेकिन वर्तमान में मुश्किल से कहीं पर 15 तो कहीं पर 20 फुट चौड़ाई ही रह गई है शेष जमीन पर अतिक्रमण हो गया है शिकायतकर्ता द्वारा शीघ्र ही अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई है। इस पूरे मामले पर जब बलैह हल्का पटवारी अरुण शर्मा की प्रतिक्रिया लेना चाहिए तो हमेशा की तरह आज भी पटवारी के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया जिससे बात नहीं हो सकी।



### इनका कहना है

यह सार्वजनिक रास्ता है यहां पर विधायक विशेष निधि से सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत हो चुका है ग्राम वासियों की सुविधा के लिए शीघ्र ही सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा।

**जुगल पटेल, लंबरदार सरपंच ग्राम पंचायत बलैह**

### 25 वर्ष से पदस्थ थे बिलगुंवा में 43 वर्ष की सेवा पटेरा व बिलगुंवा में बिताई...

# शिक्षक की सेवानिवृति पर दी गई भावभीनी विदाई







हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

जनपद शिक्षा केंद्र पटेरा अंतर्गत प्राथमिक शाला बिलगुवा में प्रधान अध्यापक देवेन्द्र जैन की सेवानिवृति पर मंगलवार को गरिमामय कार्यक्रम हाईस्कूल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि बतौर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे, विख स्त्रोत समन्वयक, दिलीप उपाध्याय, संकुल प्राचार्य जे एस अहिरवार, हिरदेपुर दमोह प्राचार्य पारस जैन, शिक्षक संघ के जिला सचिव प्रवेन्द्र जैन, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेन्द्र बजाज, पेंशनर्स एसोसियेशन अध्यक्ष मोहन ताम्रकार, प्रकाशगुप्ता, महेश जैन, पूरन पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, चंद्रभान पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना व पूजन शिक्षकों ने किया। अभिनंदन पत्र का वाचन डॉ नरेन्द्र सिंह ने किया। प्रकाश गुप्ता ने शिक्षक मित्र देवेन्द्र जैन का पारिवारिक, व्यक्तिगत व शासकीय सेवा की विस्तृत जानकारी दी। मूकेश गूजरे, दिलीप उपाध्याय, पारस जैन, प्रवेन्द्र जैन, मोहन ताम्रकार, नरेन्द्र बजाज ने देवेन्द्र जैन की कर्तव्य निष्ठा को सराहा। देवेन्द्र जैन का सभी ने तिलक लगा कर माला पहनाकर व उपहार दे कर सम्मानित किया। देवेन्द्र जैन ने अपने इस अभूतपूर्व स्वागत के लिये सभी का आभार मानते हुये अपने शिक्षक साथियों को मशविरा भी दिया। उन्होने कहा कि 25 वर्ष के कार्यकाल में बिलगुंवा ग्राम के नागरिकों के प्यार के वह कभी भूल नहीं पायेंगे। श्रीमति ताम्रकार ने भी अपनी भावनायें व्यक्त कर देवेन्द्र जैन को सराहा। संचालन सुखेन्द्र पटेल ने तो आभार बिलगुंवा प्राचार्य राजेन्द्र जैन ने माना। कार्यक्रम व्यवस्था में स्थानीय स्कूल शिक्षक स्टाफ के साथ भागचंद जैन, अमित जैन, विकास जैन सहित सभी साथियों का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने मुलाम सिंह, प्रमोद परोहा, पंकज जैन, जगदीश पटैल प्राचार्य लेखराम ताम्रकार, विक्रांत ताम्रकार, राममिलन कस्तोर, राजेश जैन, देवेन्द्र सहित सभी शिक्षक साथी व अतुल चौधरी, अरविंद साहू सहित ग्राम के प्रमुख जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम देवेन्द्र जैन की पत्नि आरती जैन उनके भाई बहिन, पुत्री भाभी व नाते रिश्तेदार उपस्थित रहे। सभी का सम्मान किया गया। देवेन्द्र जैन को गाजे बाजे से पटेरा ले जाया गया जहां बस स्टेण्ड से सभी साथ उन्हे ले कर नगर के प्रमुख मंदिरो के दर्शन कर पैदल चल कर उनके निवास तक छोडने गये जहां स्वल्पाहार का आयोजन किया गया।

# सांसद राहुल सिंह के प्रयासों से नई ट्रेन दमोह से दुर्ग-लालकुआं (नैनीताल) रेल सेवा 1 मई से होगी शुरूआत

**दमोह।** छत्तीसगढ़ से नॉर्थ इंडिया के लिए सबसे छोटा मार्ग वाया दमोह सागर के रास्ते ही जाता है, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन के साथ हुई बैठक में मंत्री को सभी पहलू पर सांसद राहुल सिंह द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। सांसद राहुल सिंह लोधी की मेहनत से दमोह से होकर गुजरने वाली दुर्ग से लालकुआं (नैनीताल) के लिए नई विशेष ट्रेन शुरू होने जा रही है। यह ट्रेन 1 मई 2025 से प्रत्येक गुरुवार को अपनी सेवाएं शुरू करेगी, जो दमोह लोकसभा के निवासियों के लिए एक शानदार तोहफा है। दमोह स्टेशन (DMO) से यह ट्रेन रात 9:32 बजे प्रस्थान करेगी, जो यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक समय है। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 8:00 बजे मथुरा जंक्शन (MTJ) पहुंचेगी और शाम 6:00 बजे लालकुआं (LKU), जो नैनीताल के पास स्थित है, पहुंचेगी। यह समयसारणी दमोह से दिल्ली, रुद्रपुर और नैनीताल जैसे प्रमुख शहरों तक यात्रा करने वालों के लिए आदर्श है। इस नई रेल सेवा से दमोह के लोग रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), आगरा कैंट, मथुरा, दिल्ली हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, रुद्रपुर सिटी और लालकुआं जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों से जुड़ सकेंगे। यह कनेक्टिविटी दमोह को पर्यटन, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के नए अवसर प्रदान करेगी। सांसद राहुल सिंह लोधी की कोशिशों ने दमोह लोकसभा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। इस ट्रेन में स्लीपर, जनरल और एसी कोच होंगे, जो यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त क्षमता प्रदान करेंगे। मई और जून में यह ट्रेन सप्ताह में चयनित दिनों पर चलेगी। दमोह लोकसभा के लिए यह गर्व का क्षण है, जो नई संभावनाओं और बेहतर कनेक्टिविटी का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद हटा - जिला दमोह ( म.प्र.)**

Email-cmohatta@mpurban.gov.in ph-07604-262237

क्रमांक/पी.एम.ए.वाय/न.पा.हटा/2025/ हटा, दिनांक 29/04/2025

**दावा / आपत्ति सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 1021 आनलाईन आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से 195 प्रारंभिक रूप से हितग्राही पात्र पाये गये है एवं 826 हितग्राहियों की पात्रता की जांच प्रचलन में है, जिसकी सूची कार्यालय नगरपालिका परिषद् हटा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, जिस किसी को भी उक्त सूची के 195 हितग्राहियों मे दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह लिखित रूप से दिनांक 01.05.2025 से 03.05.2025 तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । समयावधि उपरांत दावा आपत्ति मान्य नही होगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हटा
जिला दमोह म.प्र.